# हिन्दी प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी चंडीगढ़
17 जुलाई 2024, समय 1810

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यकाल के पहले वर्ष के 75 महत्वपूर्ण भाषणों के संकलन वाली पुस्तक कल नई दिल्ली में जारी की जाएगी।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अग्निवीरों के लिए पुलिस, खनन, वन और जेल विभाग में कुछ पदों पर 10 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पिंजौर में आधुनिक सेब, फल एवं सब्जी मंडी के पहले चरण का उद्घाटन किया।
- हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन प्रसाद ने राज्य के सरकारी वकीलों के लिए गुरुग्राम में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की।
- फरीदाबाद पुलिस ने एक 20 किलो,816 ग्राम गांजे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यकाल के पहले वर्ष के 75 महत्वपूर्ण भाषणों के संकलन करने वाली पुस्तक "विंग्स टू अवर होप्स - खंड-1" कल नई दिल्ली में जारी की जाएगी।
केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान इस ई-बुक का विमोचन करेंगे। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक हिंदी और अंग्रेजी में भी उपलब्ध होगी।

हरियाणा सरकार द्वारा अग्निवीरों को पुलिस, खनन और जेल विभाग में कुछ पदों पर भर्ती में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा ।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता में यह घोषणा करते हुए कहा कि हरियाणा में कांस्टेबल, माइनिंग गार्ड, फॉरेस्ट गार्ड, जेल वार्डन और SPO के पदों पर सीधी भर्ती में अग्निवीरों को 10% आरक्षण प्रदान किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि अग्निवीरों को समूह घ की भर्ती में आयु में 3 वर्ष की छूट दी जाएगी, पहले बैच के लिए यह छूट पाँच वर्ष की होगी। उन्होंने अग्निवीरों को समूह ख में पांच प्रतिशत और समूह ग में एक प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिए जाने की घोषणा भी की।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों, बोर्डों व निगमों में तैनाती चाहने वाले अग्निवीर को मैट्रिक्स स्कोर में प्राथमिकता दी जाएगी ।मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर किसी औद्योगिक इकाई में

अग्निवीर  को 30 हजार रुपए प्रति माह से ज्यादा  वेतन दिया जाता है तो सरकार द्वारा उस औद्योगिक इकाई को 60 हजार रुपए का वार्षिक अनुदान दिया जाएगा ।इसके अलावा मुख्यमंत्री  ने यह घोषणा भी की  कि यदि कोई अग्निवीर अपना उद्यम स्थापित करेगा तो उसे पांच लाख रूपये तक का ब्याज रहित ऋण दिया जाएगा । अग्निवीरों को शस्त्र लाइसेंस प्राथमिकता के आधार पर भी दिया जाएगा। यदि किसी के साथ दुर्घटना हो जाती है तो भारत सरकार की सड़क परिवहन राजमार्ग योजना के तहत मुआवजा भी दिया जाएगा और मुफ्त इलाज करवाया जाएगा।

कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के अवसर पर सशक्त सेना, समृद्ध भारत के उद्देश्य से कन्याकुमारी से सियाचिन तक साइकिल यात्रा पर निकली आशा मालवीय  आज चंडीगढ़ पहुंची । आज  चंडीगढ़ स्थित राजभवन में हरियाणा  के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने एकल महिला साइकिलिस्ट का  हौसला बढ़ाया  और प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। मध्य प्रदेश के गांव नाटाराम की आशा मालवीय अब तक करीब 3400 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पूरी कर चुकी है । इससे पहले आशा मालवीय पिछले साल संपूर्ण भारत में 26 हजार किलोमीटर की एकल महिला साइकिल यात्रा महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से कर चुकी है। पूर्व यात्रा के समय भी राज्यपाल ने आशा मालवीय को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उसका हौसला बढ़ाया था।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पिंजौर में आधुनिक सेब,फल और सब्जी मंडी के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता , कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ,मेयर कुलभूषण गोयल, पूर्व विधायक लतिका शर्मा सहित कई
गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा की सबसे बड़ी मंडी का उद्घाटन हमारे लिए गर्व की बात है। हरियाणा सरकार ने नई  मंडियों के निर्माण और  सुधारीकरण के लिए 2322 करोड़ रूपए की राशि खर्च की है। उन्होंने कहा कि   इस मंडी के बनने से फल और सब्जी के किसानों को बहुत लाभ होगा। मंडी का निर्माण 78 एकड़ में 220 करोड़ रूपए की लागत से होगा ।दूसरे चरण का निर्माण कार्य भी 31 दिसम्बर  तक पूरा कर लिया जाएगा ।उन्होंने कहा कि मंडी में 70 दुकानों और

भूखंडों  को पारदर्शिता से ई नीलामी द्वारा आवंटित किया गया है।  मुख्यमंत्री ने इस मंडी की मार्केट फीस 1 प्रतिशत से घटा कर 0.5 प्रतिशत करने की घोषणा भी की। मंडी में सभी भूखंड धारकों से चक्रवृद्धि ब्याज की वसूली नहीं की जायेगी।श्री नायब सिंह  ने मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना 2013 के तहत प्रार्थी की आयु 10 से 75 वर्ष करने की भी घोषणा भी की । उन्होंने बताया  कि अटल किसान मजदूर कैंटीन योजना के अंतर्गत 100 मंडियों में  कैंटीन खोलने का भी निर्णय किया गया है । अब तक 48 मंडियों में ये कैंटीन शुरू की जा चुकी है ।इस अवसर  पर कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि इस क्षेत्र में अदरक, लहसुन जैसे कई जैविक उत्पादों की खेती होती हैं।। इससे न केवल फलों को बल्कि सब्जियों सहित अन्य उत्पादों को भी एक नई पहचान मिलेगी।इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि यह एक अति आधुनिक  मंडी बनने जा रही है इसके अंदर कोल्ड स्टोरेज की चेन है, यहां पर सेबों को रखा जा सकेगा।

हरियाणा के नागरिक उड्डांयन व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि हिसार शहर में दिल्ली सडक़ मार्ग से प्रवेश करते हुए छावनी  के पास अशोक चक्र के डिजाइन वाला लगभग 4 करोड़ रुपए की लागत से भव्य स्वागत द्वार बनाया जा रहा है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि यह स्वागत द्वार अत्याधुनिक तकनीक से बनाया जा रहा है और इसका ढांचा भूकंपरोधी है। भूकंप आने पर भी इस ढांचे को कोई नुकसान नहीं हो पाएगा।उन्होंने कह कि अभी राष्ट्रीय राजमार्ग चार मार्गीय है। आने वाले समय में यह 6 मार्गीय  भी किया जा सकता है। इसी संभावना को देखते हुए इस द्वार की चौड़ाई 120 फुट व 9 मीटर रखी गई है।उन्होंने बताया कि   प्रवेश द्वार की खासियत स्टील का बना भारत का राष्ट्रीय प्रतीक अशोक चक्र   है।

हरियाणा के मुख्य सचिव  TVSN प्रसाद ने आज राज्य के सरकारी वकीलों  के लिए गुरुग्राम में अपनी तरह के पहले तीन-दिवसीय प्रशिक्षण का वर्चुअली शुभारम्भ किया। यह प्रशिक्षण शुरू करने का उद्देश्य फॉरेंसिक विश्लेषण और आपराधिक न्याय प्रदायगी के अन्य पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित करना है। शुरुआत में 26 जिला न्यायवादी और अतिरिक्त जिला न्यायवादी यह प्रशिक्षण ले रहे हैं।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, गत 29 जून को हरियाणा सरकार और गांधी नगर के राष्ट्रीय फारेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के बीच हुए एक समझौते के अंतर्गत किया गया । इस समझौते का उद्देश्य फारेंसिक और अभियोजन प्रशिक्षण,

अनुसंधान तथा फोरेंसिक नमूनों के परीक्षण के क्षेत्र में सहयोगात्मक गतिविधियों को बढ़ाना, सुविधाजनक बनाना और मजबूत करना है। मुख्य सचिव ने चंडीगढ़ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा लोक प्रशासन संस्था गुरुग्राम में प्रशिक्षण ले रहे जिला न्यायवादियों और अतिरिक्त जिला न्यायवादियों को संबोधित भी किया । उन्होंने कहा कि किसी भी गंभीर अपराध में अपराधी को सजा दिलाने में फाॅरेंसिक विज्ञान की अहम भूमिका होती है। इसलिए सभी सरकारी वकील के लिए इस प्रशिक्षण को अनिवार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब व्यक्ति को न्याय पाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सरकारी वकील की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे पीड़ित गरीब को न्याय दिलाएं। श्री प्रसाद ने संस्था के महानिदेशक की नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर एक मानक पाठ्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए। संस्था के महानिदेशक सुश्री चन्द्रलेखा मुखर्जी ने कहा कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा कई गम्भीर विषयों पर चर्चा की जाएगी, जिसमें अपराध का पता लगाने में जैविक साक्ष्य, साइबर अपराध और फोरेंसिक में हाल के रुझान, , घटनास्थल प्रबंधन आग्नेयास्त्रों से जुड़े अपराध, सड़क दुर्घटना की जांच, दस्तावेज जांच और स्वीकार्यता तथा फोरेंसिक मनोविज्ञान की भूमिका शामिल हैं।

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ने 20 किलो 816 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी, जाबिद गांव फतेहपुर तगा का निवासी है। अपराध शाखा की टीम ने जाबिद को एक गुप्त सूचना के आधार पर गांव करनेरा से काबू किया । आरोपी के खिलाफ नशा तस्करी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान पता चला कि जाबिद यह गांजा नूंह से लेकर आया ।

..........................................................................